**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**0000**

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका ने अपने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना कर 5 सौ अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अमेरीका दौरे के दौरान वॉशिगटन स्थित व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग और सहभागिता एक बेहतर विश्व के निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में मजबूती के साथ खड़े हैं और सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई की जरूरत है।

## अलंकरण समारोह

26 जनवरी को घोषित किए गए पदक विजेताओं के लिए आज राजभवन शिमला में अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल पुलिस, कारागार व सुधारात्मक सेवाएं, गृहरक्षा व अग्निशमन विभाग के पदक विजेताओं को सम्मानित करेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता....

## मंत्रिमंडल बैठक

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में होगी। इस बैठक में बजट सत्र की तिथियों पर फैसला होने के अलावा कई अन्य मुद्दों पर निर्णय हो सकता है। इस बीच मुख्यमंत्री के आज मंडी जिला के पधर जाने के कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं ने प्रदेश की राजनीतिक स्थिति के अलावा अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

## आग

कुल्लू जिला की लग घाटी के मडघन गांव में बीती शाम आग लगने से अढाई मंजिला काष्ठकूनी शैली का रिहायशी मकान जलकर राख हो गया। इस घटना में लगभग तीस लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। गांव तक सड़क सुविधा ने होने से अग्निशमन वाहन घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाए लेकिन दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। इधर शिमला के घोड़ाचौकी में पर्यटन विकास निगम की वर्कशॉप व कार्यालय में कल शाम आग लगने से लाखों की संपति के नुकसार का अनुमान है। इस घटना में कार्यालय में रिकॉर्ड व सामान भी जलकर राख हो गया है। आग लगने की घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## प्रतियोगिता

केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में आज से तीन दिवसीय अखिल भारतीय इंटर जोनल भारोतोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सौजन्य से आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के लगभग एक सौ 17 विश्वविद्यालयों की 3 सौ 20 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

**डाक अदालत**

प्रदेश में 21 फरवरी को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिमण्डल कार्यालय और अधीनस्थ सभी प्रवर अधीक्षक व अधीक्षक डाकघरों के मण्डलीय कार्यालयों में ये अदालत आयोजित होगी। इस अदालत में लोगों की डाक संबंधी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा और शिकायतकर्ता अपनी शिकायत शिमला सर्किल या सम्बन्धित क्षेत्र के प्रवर अधीक्षक और अधीक्षक डाकघर को 15 फरवरी तक भेज सकते है।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।
**104 से 1 सौ 24 साल के 11 सौ 41 लोगों को जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन, घोटाले की आशंका अमर उजाला** की एक खबर है।
**दैनिक जागरण** के अनुसार **शिमला में पीएम आवास योजना के लाभार्थी को तीन बार दे दी राशि।**
मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **आज और कल साफ रहेगा मौसम, 16 फरवरी से बारिश–बर्फबारी के आसार।**

**0000**